# बुन्देलखण्ड अभियाँत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान झाँसी

## प्रशासकीय परिषद की 36वीं बैठक का कार्यवृत्त

| | | |
|---|---|---|
| बैठक संख्या | : | 36 वीं |
| स्थान | : | बी0आई0ई0टी0, झाँसी। |
| | : | (आन लाईन वीडियो काँफ्रेसिंग के माध्यम) |
| दिनांक | : | 04 जून, 2021 |
| समय | : | पूर्वाह्न 12.00 बजे |

# बुन्देलखण्ड अभियाँत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, झाँसी
# की
# प्रशासकीय परिषद की 36वीं बैठक का कार्यवृत्त

बुन्देलखण्ड अभियाँत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, झाँसी की 36 वीं बैठक आज दिनांक 04.06.2021 को अपरान्ह् 12.00 बजे माननीय अध्यक्ष, इं0 राकेश गुप्ता, झाँसी की अध्यक्षता मे वीडियो काँफ्रेसिंग/ जूम मीटिंग के माध्यम से सम्पन्न हुई।

**बैठक में निम्नलिखित सदस्यों ने भाग लिया :-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | इं0 राकेश गुप्ता<br>37/02, सिविल लाइन्स<br>झाँसी। | ........... | अध्यक्ष |
| 2. | मा0 आलोक कुमार<br>सचिव<br>प्राविधिक शिक्षा विभाग<br>उ0प्र0 शासन,<br>लखनऊ। | ........... | उपाध्यक्ष |
| 3. | श्री कृपा शंकर सिहं<br>विशेष सचिव<br>प्राविधिक शिक्षा,<br>उ0 प्र0 शासन,<br>लखनऊ। | ........... | विशेष आमंत्रित |
| 4. | मा0 प्रो0 विनय कुमार पाठक<br>कुलपति<br>डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम<br>प्राविधिक विश्वविद्यालय,<br>लखनऊ। | ........... | सदस्य |
| 5. | श्री राम कृपाल बिन्द<br>अपर निदेशक<br>कोषागार एवं पेंशन<br>झाँसी मण्डल<br>झाँसी। | ........... | सदस्य (प्रतिनिधि, अपर मुख्य सचिव, वित्त विभाग) |
| 6. | प्रो0 रवि कुमार<br>डीन एडमिनिस्ट्रेशन<br>आई0आई0टी0,<br>रुड़की। | ........... | सदस्य(प्रतिनिधि, निदेशक, आईआईटी, रुड़की) |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 7. | इं0 मनोज कुमार<br>निदेशक<br>प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0,<br>कानपुर । | .......... | सदस्य |
| 8. | प्रो0 आर0 पी0 सिंह<br>पूर्व निदेशक<br>एच0बी0टी0आई0,<br>कानपुर। | .......... | सदस्य |
| 9. | प्रो0 संजय अग्रवाल<br>मैकेनिकल इंजी0 विभाग<br>बी0आई0ई0टी0,<br>झाँसी। | .......... | सदस्य |
| 10. | प्रो0 विक्रम सिंह यादव<br>प्रयुक्त विज्ञान एवं मानविकी विभाग<br>बी0आई0ई0टी0,<br>झाँसी। | .......... | सदस्य |
| 11. | प्रो0 शिशिर सिन्हा<br>निदेशक<br>के0 एन0 आई0टी0,<br>सुल्तानपुर। | .......... | सदस्य |
| 12. | प्रो0 रचना अस्थाना<br>निदेशक<br>ए0आई0टी0एच0<br>कानपुर। | .......... | सदस्य |
| 13. | प्रो0 एस0 के0 अवस्थी<br>पूर्व निदेशक<br>बीआईईटी, झाँसी | .......... | सदस्य |
| 14. | डा0 टी0 सी0 शामी<br>वैज्ञानिक–जी, अपर निदेशक(से0नि0),<br>डी.एम.एस.आर.डी.ई.,<br>कानपुर। | .......... | सदस्य |
| 15. | प्रो0 एस.पी. चौरसिया<br>प्रोफेसर,<br>कैमिकल इंजी0 विभाग,<br>एम.एन.आई.टी., जे.एल.एन. मार्ग,<br>जयपुर। | .......... | सदस्य |
| 16. | डा0 अनिल कुमार<br>एस0पी0आई0यू0–यू0पी0/<br>टी0ई0क्यू0आई0पी0 III<br>(एम0एच0आर0डी0)<br>401/402, एकेडमिक ब्लाक<br>ए0 के0 टी0 यू0, जानकीपुरम विस्तार<br>लखनऊ –226031 (उ0प्र0) | .......... | सदस्य |

17. प्रो0 वी0 के0 त्यागी ........... सदस्य सचिव
निदेशक
बी0आई0ई0टी0,
झाँसी।

**<u>जो सदस्य उपस्थित न हो सके</u> :-**

1. प्रो0 अभय करिन्दकर ........... सदस्य
निदेशक
आई0आई0टी0,
कानपुर।
2. प्रो0 एच0 डी0 चरन ........... सदस्य
कुलपति
राजस्थान प्राविधिक विश्वविद्यालय
कोटा (राजस्थान)।
3. श्री आर0 सी0 श्रीवास्तव ........... सदस्य
चीफ जनरल मैनेजर
परीक्षा थर्मल पावर प्रोजेक्ट
झाँसी।

36.01 **प्रशासकीय परिषद की दिनांक 30 मार्च, 2021 को सम्पन्न हुई 35वीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण।**

परिषद ने विचारोपरान्त प्रशासकीय परिषद की दिनांक 30 मार्च, 2021 को सम्पन्न हुई 35 वीं बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की।

36.02 **प्रशासकीय परिषद की दिनांक 30 मार्च, 2021 को सम्पन्न हुई 35वीं बैठक में लिए गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही के विवरण से परिषद को अवगत कराना।**

प्रशासकीय परिषद की दिनांक 30 मार्च, 2021 को सम्पन्न हुई 35 वीं बैठक मे लिये गये निर्णयों की कृत कार्यवाही से परिषद अवगत हुई। परिषद द्वारा कृत कार्यवाही पर संतोष व्यक्त किया गया।

36.03 **संस्थान मे वर्तमान मे कराये जा रहे निर्माण कार्यो, भविष्य मे प्रस्तावित निर्माण कार्य परिषद के समक्ष अवलोकनार्थ/विचारार्थ प्रस्तुत।**

परिषद संस्थान मे वर्तमान मे कराये जा रहे निर्माण कार्यो तथा भविष्य मे कराये जाने वाले प्रस्तावित निर्माण कार्यो से अवगत हुई एवं संतोष व्यक्त किया।

साथ ही उ0प्र0 प्रोजेक्ट कारपोरेशन लि0, झाँसी द्वारा संस्थान परिसर मे सेन्ट्रल लाईब्रेरी एवं प्लेसमेन्ट सैल के निर्माण हेतु शासन से प्राप्त अनुदान रू0767.50 लाख से निर्माण उपरान्त कुल रू0 62.01 लाख की बचत से भी अवगत हुई।

उक्त बचत से इस भवन मे सोलर सिस्टम एवं बाह्य विकास कार्यो को कराये जाने हेतु सदस्य सचिव द्वारा यह अवगत कराया गया कि बचत की धनराशि से उक्त कार्यो को कराये जाने हेतु शासन की सहमति हेतु पत्र संख्या बीआईईटी/011-शिविर-04-प्रो0शि0/2021-112 दिनांक 15.03.2021 के माध्यम से अनुरोध किया जा चुका है।

परिषद द्वारा बचत की धनराशि से प्रस्तावित सोलर सिस्टम एवं बाह्य विकास कार्यो को कराये जाने हेतु शासन की सहमति हेतु पुनः अनुरोध किये जाने हेतु निर्देशित किया।

36.04 **ए0के0टी0यू0, लखनऊ द्वारा वित्त पोषित पंडित दीन दयाल उपाध्याय तकनीकी शिक्षा गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम के अन्तर्गत संस्थान के विकास एवं सुदृढ़ीकरण कार्यो का विवरण परिषद के अवलोकनार्थ/ अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।**

परिषद संस्थान मे ऐ0के0टी0यू0, लखनऊ द्वारा वित्त पोषित पंडित दीन दयाल उपाध्याय तकनीकी शिक्षा गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम के अन्तर्गत संस्थान के विकास एवं सुदृढ़ीकरण हेतु कराये गये/ कराये जा रहे कार्यो से अवगत हुई एवं संतोष व्यक्त किया।

समिति द्वारा मल्टीपरपज भवन का कार्य,अवशेष बाउन्ड्रीवाल का कार्य अविलम्ब पूर्ण कराते हुए 30 जून, 2021 तक उक्त भवन का हस्तान्तरण अनिवार्यतः प्राप्त करने तथा 100 सीटेड पुरूष छात्रावास का निर्माण कार्य समस्त औपचारिकताये पूर्ण कराते हुए यथाशीघ्र प्रारम्भ करने के निर्देश दिये गये

36.05 **संस्थान छात्रों का प्लेसमेन्ट बढ़ाये जाने सम्बंधी की जा रही कार्यवाही की प्रगति परिषद के अवलोकनार्थ प्रस्तुत।**

परिषद संस्थान के छात्रों के प्लेसमेन्ट को बढ़ाये जाने हेतु संस्थान द्वारा किये जा रहे प्रयासों से अवगत हुई एवं संस्थान द्वारा छात्रों के प्लेसमेन्ट हेतु किये जा रहे प्रयासों पर संतोष व्यक्त किया। विशेष सचिव, प्राविधिक शिक्षा की अपेक्षानुसार परिषद द्वारा प्लेसमेन्ट का डाटा अपडेट किये जाने हेतु भी निर्देशित किया।

36.06 **संस्थान की दिनांक 28.12.2020 को सम्पन्न हुई एकेडमिक समिति की बैठक के कार्यवृत्त परिषद के विचारार्थ/ अवलोकनार्थ प्रस्तुत।**

परिषद संस्थान की दिनांक 28.12.2020 को सम्पन्न हुई एकेडमिक समिति की बैठक के कार्यवृत से अवगत हुई।

36.07 **संस्थान की दिनांक 08.02.2021 को सम्पन्न हुई भवन निर्माण समिति की 31 वीं बैठक का कार्यवृत्त परिषद के विचारार्थ/ निर्णयार्थ प्रस्तुत।**

परिषद संस्थान की दिनांक 08.02.2021 को सम्पन्न हुई भवन निर्माण समिति की बैठक के कार्यवृत से अवगत हुई।

36.08 **संस्थान मे संचालित पाठ्यक्रमों के एन0बी0ए0 एक्रीडिटेशन हेतु किये जा रहे कार्यो की प्रगति परिषद के समक्ष अवलोकनार्थ/विचारार्थ प्रस्तुत।**

परिषद संस्थान मे शासन द्वारा स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों को छोडकर संचालित पाँच स्नातक पाठ्यक्रमों मे से चार पाठ्यक्रमों के एक्रीडिटेड हो जाने की सूचना से अवगत हुई। साथ ही शेष पाँचवे पाठ्यक्रम को एक्रीडिट कराये जाने के सम्बन्ध मे संस्था स्तर से किये गये प्रयासो से अवगत हुई तथा संतोष व्यक्त किया।

36.09 **संस्थान हेतु इनोवेशन एण्ड स्टार्टअप पोलिसी 2021 फार स्टूडेन्ट एण्ड फैकल्टी परिषद के विचारार्थ/ अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।**

परिषद संस्थान द्वारा तैयार इनोवेशन एण्ड स्टार्टअप पालिसी 2021 फार स्टूडेन्ट एण्ड फैकल्टी डाक्यूमेंट से अवगत हुई। परिषद द्वारा निर्देशित किया गया कि प्रकरण में कुलपति, डा0 ए0 पी0 जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ एवं निदेशक, बी0आई0ई0टी0 झांसी की एक समिति गठित कर ली जाय। निदेशक, बी0आई0ई0टी0 झांसी द्वारा प्रदेश सरकार के आई0टी0 एवं इलेक्ट्रानिक विभाग के सुसंगत शासनादेशों एवं नीतियों का

अध्ययन कर कुलपति , ऐ0के0टी0यू0 के मार्ग दर्शन में इनोवेशन एवं स्टॉट अप पालिसी ,2021 को अन्तिम रूप दिया जाय जिससे उक्त नीति को एकरूपता के दृष्टिगत विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त राजकीय इंजीनियरिंग संस्थानों में समान रूप से लागू किया जा सके और ए0के0टी0यू0 से वित्तीय सहायता भी प्राप्त की जा सके।

36.10 **<u>संस्थान के नवनियुक्त निदेशक की कार्यभार ग्रहण अवधि विस्तारण सम्बंधी प्रस्ताव परिषद के विचारार्थ/ अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।</u>**

परिषद संस्थान के नवनियुक्त निदेशक द्वारा कार्यभार ग्रहण अवधि को विस्तारित किये जाने विषयक समस्त अनुरोधों से अवगत हुई तथा नव नियुक्त निदेशक द्वारा किये गये अनुरोध पर परिषद सैद्धान्तिक रूप से सहमत होते हुए नियुक्ति आदेश में उल्लिखित समयावधि के दृष्टिगत प्रकरण शासन को विधिक परामर्श/स्वीकृति हेतु संदर्भित करने के निर्देश दिये गये।

36.11 **<u>संस्थान के संकाय सदस्यों को प्रोन्नति का लाभ प्राप्त किये जाने हेतु मूक-कोर्स/ इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग/ प्रोफेशनल ट्रेनिंग इत्यादि मे आन लाईन प्रतिभाग किये जाने का प्रस्ताव परिषद के विचारार्थ/ अनुमोदनार्थ।</u>**

परिषद ने उक्त पर विगत प्रशासकीय परिषद के बिन्दु संख्या 33.15 पर हुए निर्णय के साथ- साथ संस्थान के संकाय सदस्यों को मूक कोर्स आन लाईन माध्यम से किये जाने हेतु एक एकेडमिक सत्र में दो मूक कोर्स अधिकतम 8 सप्ताह प्रति कोर्स तथा आन लाईन माध्यम से दो सप्ताह के इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग/ प्रोफेशनल ट्रेनिंग कोर्स मे बिना कार्य अवकाश के प्रतिभाग किये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया।

**36.12 प्रशासकीय परिषद की विगत बैठकों के लम्बित प्रकरण परिषद के अवलोकनार्थ/ विचारार्थ प्रस्तुत।**

परिषद बिन्दु संख्या 26.10 पर डा0 डी0 सी0 धुबकरिया व डा0 यशपाल सिंह पर प्लेगरिजम के आरोप के आलोक में जाँच समिति द्वारा प्रस्तुत की गयी जाँच रिर्पोट (दिनांक 26.03.2021 को प्राप्त) से अवगत हुई। जाँच समिति की संस्तुतियाँ निम्नवत् हैं-

1. Based on the above observations, the committee is of the view that the charges of plagiarism are established beyond doubt and dispute. The case is of repeated cent-per-cent copying/plagiarism which is also a violation of copyright laws of the country.

2. The action should be initiated against the two faculty members as per provisions of provided in the Act, Statues, Ordinances, Regulations of the Institute. The UGC regulation mentioned in 2.6 above may also be considered, although not directly applicable (as the regulation applies from 2018 onwards as per notification).

जाँच समिति द्वारा की गई उपरोक्त अनुसंशा के दृष्टिगत समिति द्वारा दोनों संकाय सदस्यों यथा डा0 डी0सी0 ध्रुबकारिया एवं डा0 यशपाल सिंह पर संस्थान के बायलॉज में प्राविधानित नियमों तथा प्लेगरिजम हेतु यू0जी0सी0 नियमों मे प्राविधानित व्यवस्थानुसार विचार कर सम्यक कार्यवाही किये जाने हेतु के0एन0आई0टी0, सुल्तानपुर के निदेशक प्रो0 शिशिर सिन्हा को निर्देशित किया गया।

बिन्दु संख्या 26.13 के क्रम मे परिषद ने निर्देशित किया कि, प्रकरण के अतिशीघ्र निस्तारण हेतु संस्थान स्तर से एक समिति का गठन किया जाये। साथ ही यह भी निर्देशित किया कि समिति नगर निगम से निरन्तर व्यक्तिगत सम्पर्क स्थापित कर संस्थान पर अधिरोपित गृहकर के प्रकरण पर प्रभावी कार्यवाही कर

प्रकरण का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करे। निदेशक, बी0आई0ई0टी0 झांसी प्रकरण का अपने स्तर पर निरन्तर अनुश्रवण कर और जिला प्रशासन से कोआर्डिनेट कर मामले के अविलम्ब निस्तारण हेतु उत्तरदायी होगें।

परिषद द्वारा बिन्दु संख्या 26.15 पर एस0 के0 साहू के जांच के प्रकरण में हो रहे विलम्ब पर अप्रसन्नता व्यक्त की गई तथा जाँच समिति को दो–तीन कार्यदिवसों मे प्रभावी कार्यवाही कर सुसंगत एवं स्पष्ट रिपोर्ट प्रेषित किये जाने हेतु निर्देशित किया। साथ ही जाँच समिति द्वारा निर्धारित समयावधि मे रिपोर्ट न दिये जाने की स्थिति मे जाँच समिति के सदस्यों के विरुद्ध कार्यवाही करने तथा वर्तमान जांच समिति के स्थान पर दूसरी जांच समिति का गठन कर प्रकरण को अतिशीघ्र निदेशक स्तर पर निस्तारित किये जाने हेतु निर्देशित किया।

परिषद द्वारा बिन्दु संख्या 26.17 पर संस्थान मे इंटीग्रेटेड एवं अपग्रेडेबिल सोलर सिस्टम स्थापित किये जाने हेतु निर्देशित किया जिससे परिसर मे विद्युत उपभोग के व्ययभार को कम किया जा सके।

साथ ही परिषद ने यह भी निर्देशित किया कि संस्थान के विभिन्न विभागों में पूर्व मे स्थापित छोटे–छोटे सोलर सिस्टमों मे ऐसे उपकरणों की स्थापना की व्यवस्था की जाये जिससे अधिकतम समय तक सोलर विद्युत का उपयोग किया जा सके।

36.13 **<u>अध्यक्ष महोदय की अनुमति से किसी अन्य विषय पर विचार एवं स्वीकृति।</u>**

परिषद द्वारा कैरियर एडवांसमेन्ट स्कीम (सीएएस) के अन्तर्गत पूर्व मे प्रोन्नति पाये कतिपय शिक्षकों की प्रोन्नति सम्बंधित समयावधि के प्रकरणों पर सुसंगत शासनादेशों के आलोक मे प्रस्ताव परिषद की आगामी बैठक मे प्रस्तुत किये जाने हेतु निर्देशित किया।

बैठक अध्यक्ष महोदय के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के उपरान्त समाप्त हुई।

21/06/2021

**(वी० के० त्यागी)**
सदस्य सचिव, प्रशासकीय परिषद
एवं
निदेशक, बीआईईटी, झाँसी।

**(मा० आलोक कुमार)**
उपाध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद
बीआईईटी, झाँसी
एवं
सचिव
प्राविधिक शिक्षा विभाग
उ०प्र० शासन, लखनऊ

30/06/2021

**(इं० राकेश गुप्ता)**
अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद
बीआईईटी, झाँसी।